# भाजपा ने आयोजित की प्रोफेसनल मीट, मोदी के नेतृत्व को सराहा

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, आज बैंकों का एनपीए 2.6 प्रतिशत ही रह गया है

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर जिला संगठन द्वारा प्रोफेसनल मीट का आयोजन स्थानीय सरस होटल में किया गया। प्रोफेसनल मीट म.प्र.सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, वरिष्ठ नेता डॉ.अनंत दुबे, राजकुमार जैन की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस मौके पर नरेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है। वे आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं।

प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य किया। वर्ष 2014 से पहले बैंकों का एनपीए 42 प्रतिशत था, आज सिर्फ 2.6 प्रतिशत रह गया है। वर्ष 2014 से पहले 90 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात करते थे, आज 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण देश में बना रहे हैं। अब पाकिस्तान के अंदर घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान सफलतम पूरे कर



रहे हैं आजादी के बाद वर्षों तक देश में शासन करने वाली पार्टी की नीतियों और कार्यों से जम्मू-कश्मीर से करीब पांच लाख हिंदू पलायन कर गए। मोदी जी ने देशवासियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की, सेनाओं को सशक्त किया।

पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का कार्य किया और दुनिया का विश्वास जीतने का काम किया। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आप सभी लोगों को अपने कार्यों के साथ देश व समाज के लिए आगे आना होगा, तभी यह संकल्प पूरा होगा। आप सभी समाज के अभिन्न अंग है आप समाज की सेवा के लिए सक्रिय राजनीति में आए हैं। प्रबुद्धजन से हुआ संवाद -

प्रोफेशनल मीट के अंत में प्रबुद्धजनो जनो से सुझाव कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम संयोजक महंत प्रीतमपुरी द्वारा उपस्थित प्रबुद्धजन डॉ.आर.के.नीखरा, डॉ.आशीष उपाध्याय, डॉ.हंसराज सिंह, डॉ.आलोक काशिव, चौधरी वीरेन्द्र पटैल, डॉ. प्रकाश जैन, पी.के.जैन, एड.रमेश नेमा, सतीश नेमा, लालसाहब जाट, सुनील कोठारी, अजय जैन, भारती कौरव, एस.के.चतुर्वेदी, रामगोपाल वर्मा, राकेश सोनी, गोपाल कुशवाहा, अशोक वर्मा, महेश नेमा आदि लोगो ने उपस्थित अतिथ्यिों से संवाद किया एवं मोदी सरकार के 11 वर्षो के कार्यकाल पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की साथ ही सरकार की कार्यपद्धति को लेकर सुझाव लिये गए एवं इन सुझावो को सरकार की कार्ययोजना में शामिल कराने हेतु आगे प्रेसित किये गए। जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि प्रोफेशनल मीट का संचालन राजकुमार जैन व आभार महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रोफेशनल मीट में इंजीनियर, डाक्टर, एडवोकेट, शिक्षाविद, प्रोफेसर, साहित्यकार, शिक्षक, उद्योगपति, ग्रेनमर्चेन्ट- व्यापारी- मेडिकल एशोसिएशन, पूर्व सैनिक, कर्मचारी संघ, पेंशनर समाज एवं विभिन्न संगठनो के प्रबुद्धजन सहित भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार व सीएमएचओ डॉ. एसएस ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में नॉन अल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज- एनएएफएलडी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक आयोजित किया जायेगा।

नॉन अल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज- एनएएफएलडी कार्यक्रम जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुरबड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को इस तेजी से फैल रही बीमारी के बारे में जानकारी देकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

## सार-समाचार

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर पीएस कौरव के मार्गदर्शन में एवं हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर जवाहरलाल शुक्ला के निर्देशन में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. नीलेश शर्मा कम्प्यूटर विभाग, डॉ अर्चना शर्मा वनस्पति विभाग रहें, मुख्य वक्ताओं द्वारा बाल श्रम निषेध पर संविधान के नियमों एवं धाराओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध कराई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर पिंटूदास क्रीड़ा अधिकारी प्रो भूपेंद्र सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व छात्र रोहित दुबे एवं महाविद्यालय के एमए हिंदी साहित्य के विद्यार्थी धनवती जाटव, कुसुम, खुशबू साहू, शिवानी मेहरा, प्रतिभा राजपूत, चेष्टा भार्गव, ऋषभ कौरव, अमरदीप कौरव, राज सिंह ठाकुर, सुरेंद्र अहिरवार, इंद्रपाल, संध्या धानक, शिवानी लोधी, पलक गुर्जर, अर्चना मेहरा, सरिता मेहरा, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया।

### शिक्षकों को दिया गया उन्मुखीकरण का प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में 9 जून से शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन भोपाल से अकादमिक प्रशिक्षण प्राप्त प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने स्कूल लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के सभी आयामों के बारे में शिक्षकों को बताया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्राथमिक विभाग के महबूब अहमद अंसारी ने अपने अनुभव, तीसरे दिन माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठक श्रीमती माधुरी गर्ग ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से चौथे दिन यूएचव्ही आनंद सभा के आशी पटेल, सुरेन्द्र पटेल, कृष्ण कुमार शर्मा व श्री दुर्गा प्रसाद धुर्वे ने मानवीय मूल्य स्थापित करने वाली मान्यताओं के बारे में बताया। पांचवें दिन इमरान खान ने उमंग आधा फुल और श्रीमती नीलम राय ने मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण दिया।

### मिशन नींव 2025 के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मिशन नींव 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष नरसिंहपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मिशन नींव 2025 के तहत जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को अलग- अलग के लिए निर्धारित आधारशिला, 3 से 6 वर्ष के लिए एवं नवचेतना अंतर्गत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित कोर्स और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण एवं पढ़ाई के बराबर अनुपात एवं उसकी महत्वता व उसके जीवन में योगदान के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक का प्रयोग वापस आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाकर प्रतिदिन प्रत्येक बच्चों के साथ किया जाना है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग एवं कार्यकर्ताओं के समूहों द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने प्रत्येक कार्यकर्ता से प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने इसके लाभ एवं प्रशिक्षण के उपरांत इसका उपयोग करने और उपयोग से होने वाले लाभ के संबंध में बताया। इसके अलावा प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक को आगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपयोग करने और इसे निरीक्षण सूची में शामिल करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त सेक्टर सुपरवाईजर एवं ब्लॉक समन्वयक पोषण अभियान मौजूद थे।

# बाल संस्कार शिविर का समापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विकास परिषद शाखा नरसिंहपुर द्वारा तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर नगर के सुभाष वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र नलकूप कॉलोनी में आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों को अलग-अलग एक्टिविटी द्वारा खेल-खेल में सुसंस्कारित करने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने हेतु प्रतिदिन कई कार्यक्रम कराए गए।



जिसमें बच्चों ने पूर्ण उमंग उत्साह के साथ भाग लिया और उन्हें अपने जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया शिविर के अंतिम दिवस पर कार्यक्रम का समापन नगर की वरिष्ठ समाज सेविका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां भारती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संध्या कोठारी द्वारा बच्चों को उनके स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य हेतु उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुमन शर्मा द्वारा बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने हेतु समझाइश दी गई।

तीनों दिवस के कार्यक्रम का संचालन रीजनल महिला सहभागिता प्रमुख भारती कौरव द्वारा किया गया। प्रतिदिन बच्चों के उत्साह और उमंग को ध्यान में रखते हुए परिषद परिवार की मातृशक्तियों द्वारा उनके लिए प्रतिदिन खाद्य सामग्री और पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में 38 बच्चों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के राजेंद्र राजपूत, सविता अग्रवाल एवं उमेश दुबे की उपस्थित रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन मेहरा सहायिका प्रभा पांडे एवं आशा कार्यकर्ता का योगदान रहा।

# परिचर्चा व काव्य गोष्ठी आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ जन परिषद द्वारा कबीर जयंती पर राम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में पूर्व कालेज प्राचार्य डॉ.के एल साहू प्रोफेसर पुष्पा चौबे डा. अनंत दुब, गणेश कुमार चतुर्वेदी गुरुवर डी डी गोस्वामी और भागवती रामायणी के आतिथ्य में साहित्यिक परिचर्चा सम्मान समारोह और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मां सरस्वती के पूजन और हनुमान चालीसा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने कहा कि साहित्य समाज का आइना है और कविताएं समाज का दिशा बोध करती हैं। कबीरदास जी का साहित्य उनके आदर्श और विचार अनुकरणीय अनुशरणीय हैं।

इस अवसर पर परिषद व विभिन्न संगठनों द्वारा आकाशवाणी दूरदर्शन से लेकर राष्ट्रीय मंचों पर कविता पाठ करने वाले अखिल भारतीय ओज हास्य कवि अशोक त्रिपाठी का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया।



अतिथियों सहित डा महेश त्रिपाठी पं.सी पी मिश्रा देवेन्द्र दुबे राजेन्द्र शर्मा यू एस उपाध्याय बी एस पटेल पं.एम एल हरदेनिया विजय शर्मा सतीश तिवारी सरस व अन्य वरिष्ठ जनों ने कविवर त्रिपाठी की पुस्तकों सहित जन सेवा और देशभक्ति से ओतप्रोत सृजन और कविताओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दूसरे दौर में आयोजित काव्य गोष्ठी में कविवर सत्यम नेमा प्रशांत शर्मा सरल वरिष्ठ कवि सतीश तिवारी सरस कुंज बिहारी यादव प्रकाश राय पं. सीबी शर्मा और अशोक त्रिपाठी ने गरिमामय काव्य पाठ किया।

# पूर्व विधायक का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जवाहर कृषि उपज मंडी के गेट के सामने पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता पटेल का अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस व किसान संगठन समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा मूंग की खरीदी नही किए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन व शासन प्रशासन को ज्ञापन दे रहे हैं।




गाडरवारा में मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व मैंने लिखित रूप में एसडीएम को एक आवेदन दिया था जिसमें चेताया था कि अगर मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा नही होती तो 10 जून से सरकार के खिलाफ मेरा अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ हो जाएगा। जब तक किसानों की मूंग की उपज प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू नही करती तब तक धरना जारी रहेगा। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया।

उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा ।

सुरेंद्र पटेल मझले भैया ने बताया कि नरसिंहपुर कलेक्टर को एक आवेदन दिया गया है जिसमें उल्लेख किया है कि गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में एनटीपीसी परियोजना से राख तथा विभिन्न खदानों से रेत का परिवहन प्रतिदिन हजारों की संख्या में डंपरों के माध्यम से किया जा रहा है। यह देखा गया है कि इन डंपरों में अधिकांशत- ओवरलोड सामग्री का परिवहन होता है, जिससे क्षेत्र की सड़कों को गंभीर क्षति पहुँच रही है और आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में कई निर्दोष नागरिकों की जान जा रही है। इन मार्गों से स्थानीय विद्यालय जाने वाले छोटे बच्चों एवं नागरिकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। क्षेत्र में आम जनमानस में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

जनहित में यह मांग की जाती है कि ओवरलोड डंपरों पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जाए। राख एवं रेत से भरे डंपरों के आवागमन का समय शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक निर्धारित किया जाए, ताकि दिन के समय आमजन की सुरक्षा बनी रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल, महेंद्र पटेल, अजय ओझा, जनपद अध्यक्ष शोभा ठाकुर, कांग्रेस नेता अशोक क़ाबरा, अजय गुप्ता ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन, छोटे राजा कौरव, राजीव दुबे, सतीश सैनी, अवधेश रूसिया, कमलेश पुजारी, राजेश राय, पुरुषोत्तम राय,मनीष भिड़वार, पप्पू पनारी, सूर्यकांत चौधरी सहित कांग्रेस नेताओं व किसानों ने धरने को समर्थन किया।

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. / अ- 6/ वर्ष-2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत हकत्याग विलेख के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 25/06/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 08 | कंदेली | 8/11 | 1200 वर्गफुट | मनीष जैन, संजय जैन एकता जैन पिस. स्व. जयकुमार जैन निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली | मनीष जैन,संजय जैन पिस. स्व. जयकुमार जैन निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली |

आज दिनांक- 11/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. / अ- 6/ वर्ष-2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत हकत्याग विलेख के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 25/06/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 12 | कंदेली | 3/4 | 840 वर्गफुट | मनीष जैन, संजय जैन एकता जैन पिस. स्व. जयकुमार जैन निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली | मनीष जैन,संजय जैन पिस. स्व. जयकुमार जैन निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली |

आज दिनांक- 11/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

# नारी शक्ति ने एकत्रित होकर सौंपा ज्ञापन

## बसंती पालीवाल जिला अध्यक्ष नियुक्त

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्थानीय माँ विजयासन इंस्टीट्यूट में विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था के सानिध्य एवं नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया के संयोजन में आयोजित इस आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा शर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमति शोभा त्रिवेदी इंदौर, श्रीमति राधिका ढिमोले संभाग कार्यकारिणी अध्यक्ष की उपस्थिति में सर्व सम्मति से श्रीमति बसंती पालीवाल को विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक उपरांत बड़ी संख्या में नारी शक्ति ने पैदल मार्च करते हुए नारियों के सम्मान में लव जिहाद एवं घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर तहसीलदार अनु जैन को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने उपस्थित नारी शक्ति सभी प्रकार से मदद करने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष बसंती पालीवाल ने अपने उदबोधन में कहा की विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था से जुड़कर पूरे जिला में नारी उत्थान व एकता के लिए कार्य करेंगे। समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि जहाँ नारियो का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते है। हम सदैव ही बेटियों की शिक्षा व सम्मान के लिए कार्य करते है।

इस मौके पर नपा सभापति आनन्द दुबे, सर्व ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष राजीव दुबे, उपाध्यक्ष अनुपम ढिमोले, सतीश लमानिया उपस्थित रहे। आभार नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बसंती पालीवाल ने किया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए